CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 330 ▫ रायपुर, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नक्सलियों ने पुलिस कैंप पर की फायरिंग, 2 जवान हुए घायल



**सुकमा,** 24 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में नक्सलियों ने पुलिस कैंप पर हमला कर दिया. फायरिंग में दो जवान घायल हो गए. गोमगुड़ा गांव के करीब जंगल में सीआरपीएफ का नया कैंप स्थापित हुआ है. इसी कैंप में माओवादियों ने हमला कर दिया. घायल हुए दोनों जवानों का इलाज जारी है, फिलहाल स्थिति स्थिर है. इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों के हमले के बाद जवानों की तरफ से जवाबी कार्रवाई जारी है. नक्सलियों के बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से दो जवान घायल हुए हैं. दरअसल, नक्सलियों को पीछे धकलने के लिए धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ का कैंप स्थापित किया जा रहा है. वहीं कुछ दिनों पहले नक्सलियों के शहीदी समारक को जवानों ने ध्वस्त किया था.

**इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी**

## जल्द होगा भाजपा जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान

### दिल्ली में संगठन के शीर्ष नेताओं की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**रायपुर**, 24 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ भाजपा के शीर्ष नेताओं की अहम बैठक आज दिल्ली में हुई। नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में भारतीय जनता पार्टी की हुई इस बैठक में संगठन के मुद्दे पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक संगठन चुनाव के साथ-साथ सत्ता व संगठन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित पार्टी के अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य के विकास को नई दिशा देना, आगामी योजनाओं की समीक्षा करना और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और क्षेत्रीय संगठन अजय जामवाल की उपस्थिति में हुई इस बैठक में संगठन चुनाव के साथ निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पहले बैठक को लेकर प्रदेश अध्यक्ष किरन देव ने कहा था कि आज दिल्ली में बैठक है। जिसमें संगठन चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी, संगठन चुनाव के प्रभारी खूब चंद पारख रिपोर्ट पेश करेंगे। जिला अध्यक्षों के नाम पर भी चर्चा होगी, इनकी सब विषय को लेकर चर्चा होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दाउद इब्राहिम के भाई पर ईडी का शिकंजा, ठाणे का फ्लैट कुर्क



**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर पर शिकंजा कस दिया है और मुंबई में उसका फ्लैट जब्त कर लिया है। इब्राहिम के खिलाफ 2017 में ठाणे पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल में मामला दर्ज किया गया था। यह संपत्ति कथित तौर पर जबरन वसूली के माध्यम से अर्जित की गई थी। ईडी ने गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर और उसके सहयोगियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठाणे में एक फ्लैट जब्त कर लिया है। कावेसर में नियोपोलिस टॉवर में स्थित फ्लैट मार्च 2022 से अस्थायी कुर्की के अधीन था। जांच में पता चला कि यह संपत्ति जबरन वसूली से अर्जित की गई थी। साल 2022 में पूछताछ के बाद ईडी की ओर से कई जगहों पर कार्रवाई की गई। साल 2017 में ठाणे पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने एक मामला दर्ज किया था। यह पता चला कि इकबाल कासकर और उसके सहयोगियों मुमताज शेख और इसरार सईद ने कई व्यापारियों से संपत्ति और धन की उगाही की थी। बिल्डर पर संपत्ति की रजिस्ट्री मुमताज शेख के नाम करने का दबाव डाला गया। इस संपत्ति की कीमत करीब 75 लाख रुपये थी। 2022 में ही जांच एजेंसी ने पीएमएलए के तहत चार्जशीट दाखिल की थी, जो ठाणे पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित थी. इसमें रंगदारी से लेकर कई गंभीर आरोप शामिल थे।

### दिल्ली में देंगे 24 घंटे साफ पानी : केजरीवाल



**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार टुवेल लगाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए।

### कुलदीप सेंगर का 20 जनवरी तक बढ़ा अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उन्नाव बलात्कार मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को भाजपा नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 जनवरी तक बढ़ा दी। सेंगर उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की जेल की सजा काट रहा है। चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने जमानत विस्तार का आदेश दिया। सेंगर ने चिकित्सा आधार पर अपनी जमानत की अवधि पांच महीने बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## दिल्ली में कांग्रेस ने तय किए 28 उम्मीदवारों के नाम सीएम आतिशी के खिलाफ लड़ेंगी अलका लांबा!




**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस फरवरी में होने वाले दिल्ली चुनाव में कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को मैदान में उतार सकती है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। उम्मीद है कि पार्टी जल्द ही 28 और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। कांग्रेस ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। उसने बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मैदान में उतारा है।

पूर्व लोकसभा सदस्य और तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे, संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से मैदान में उतारा गया है, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज और राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक को वजीरपुर से से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री को द्वारका से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक अब्दुल रहमान को उनके वर्तमान क्षेत्र सीलमपुर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। अनिल भारद्वाज को सदर बाजार, मुदित अग्रवाल को चांदनी चौक, जय किशन को सुल्तानपुर माजरा और अली मेहदी को मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने बृहस्पतिवार शाम को इन 21 उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी प्रदान की थी। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होने की संभावना है।

## खड़ी ट्रैक्टर से टकराई पिकअप महिला की मौके पर मौत, 8 घायल




**कांकेर,** 24 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के अमोडा मार्ग में देर रात पिकअप वाहन खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गई. बताया जा रहा है कि नहावन कार्यक्रम से लौटने के दौरान करना गांव के पास ग्रामीणों से भरी वाहन हादसे का शिकार हो गई. पिकअप में 25 ग्रामीण सवार थे. मौके पर ही एक महिला की मौत हो गई है. साथ ही 8 लोग घायल हुए हैं. कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक, ग्रामीण अमोडा में नहावन कार्यक्रम से गौरगांव वापस लौट रहे थे. पिकअप वाहन में करीब 25 लोग सवार थे. इसी बीच करना गांव के पास एक खड़ी ट्रैक्टर से पिकअप टकरा गई. जिससे मौके पर ही एक महिला की मौत हो गई. वहीं 8 ग्रामीण घायल हो गए. जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.

## 26-27 दिसंबर को होगी जेपीसी की बैठक



**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श के हिस्से के रूप में राज्य प्रतिनिधियों से मौखिक साक्ष्य रिकॉर्ड करने के लिए 26 और 27 दिसंबर को बैठकें करेगी। समिति 26 दिसंबर को कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान तथा 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली के प्रतिनिधियों की सुनवाई करेगी। गुरुवार को जेपीसी ने अपनी बैठक में लखनऊ और राजस्थान के मुस्लिम प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

बैठक के बाद संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने एएनआई को बताया, %%ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व वीसी और राजस्थान वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अपने प्रस्तावित संशोधनों के साथ आए। इस पर सांसदों ने उनसे सवाल भी पूछे। समिति में राजस्थान वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और राज्य मंत्री सैयद अबुबकर नकवी और ख्वाजा चिश्ती मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रोफेसर माहरुख मिर्जा शामिल थे। इससे पहले बुधवार को जेपीसी ने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक की. समिति ने विधेयक पर बोर्ड के विचार सुने। हाल ही में, लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और 2025 के बजट सत्र के अंत तक उनकी रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया। 5 दिसंबर को जेपीसी के प्रमुख जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति ने अपने कार्यकाल के विस्तार से पहले दिल्ली में 27 बैठकें की थीं। इन बैठकों में कई हितधारकों और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ चर्चा शामिल थी। वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने के लिए अधिनियमित 1995 के वक्फ अधिनियम की कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए लंबे समय से आलोचना की जाती रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य डिजिटलीकरण, उन्नत ऑडिट, बेहतर पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे वाली संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी तंत्र जैसे सुधारों को पेश करके इन चुनौतियों का समाधान करना है। जेपीसी कानून में व्यापक बदलाव सुनिश्चित करने के लिए सरकारी अधिकारियों, कानूनी विशेषज्ञों, वक्फ बोर्ड के सदस्यों और विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सामुदायिक प्रतिनिधियों के साथ व्यापक परामर्श कर रही है।

**दर्ज किये जाएंगे राज्य प्रतिनिधियों से मौखिक साक्ष्य**

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग चेयरमैन की नियुक्ति में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया



**नई दिल्ली,** 24 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने असहमति पत्र दिया है. दोनों दिग्गज नेताओं ने नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया है. दोनों नेताओं ने कहा कि बैठक में नाम पहले से तय थे और प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया. चेयरमैन के लिए दोनों नेताओं ने जस्टिस रोहिंगटन फली नरीमन और जस्टिस के एम जोसेफ का नाम सुझाया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया.

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्यों के तौर जस्टिस एस मुरलीधर और जस्टिस अकील अब्दुल हमीद कुरैशी का नाम सुझाया था. दोनों नेताओं ने अपने असहमति पत्र में आरोप लगाया कि नियुक्ति कमेटी में बहुमत के आधार पर फ़ैसला हुआ न कि सहमति के आधार पर. 18 दिसंबर को नियुक्ति कमेटी की बैठक हुई थी. बैठक के बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन को चेयरमैन नियुक्त किया गया है. कमेटी में पीएम, लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, राज्यसभा के उपसभापति के अलावा लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता सदस्य होते हैं. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संसद में विपक्ष के नेता के रूप में उस समिति के सदस्य हैं जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री करेंगे. पिछले दिनों एक बैठक हुई थी. पीएम मोदी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अगले अध्यक्ष के चयन पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कीं थी.

**कांग्रेस ने लगाया सरकार पर आरोप**

## अवैध धान व्यापार पर कड़ी कार्रवाई 15 लाख रुपये का धान जब्त



**बिलासपुर,** 24 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर जिले में अवैध धान व्यापार पर लगातार कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में आज कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य, राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान के खिलाफ ऑपरेशन चलाया. इस दौरान विभिन्न स्थानों से कुल 483 क्विंटल धान जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है. जानकारी के अनुसार, जिले के कोटा क्षेत्र के चंगोरी स्थित जय माता दी मुर्रा उद्योग से 232 क्विंटल धान जब्त किया गया. इसके अलावा तखतपुर के अमसेना में राम ट्रेडर्स से 42.80 क्विंटल धान जब्त किया गया. चकरभाठा क्षेत्र के दो प्रतिष्ठानों से मिलाकर 208 क्विंटल धान की जब्ती की गई. यह कार्रवाई अवैध धान व्यापार में हो रही अनियमितताओं को रोकने के लिए की जा रही है.

## प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं



**रायपुर,** 24 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज कुछ इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है. प्रदेश में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होने की आशंका है. मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 दिसंबर को प्रदेश के उत्तरी भाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है.

सोमवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री बिलासपुर में तो सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना दबाव का क्षेत्र आज मौसम विभाग के मुताबिक, एक सुस्पष्ट निम्न दबाव दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी आंध्र प्रदेश-उत्तर तमिलनाडु तट पर स्थित है. सतह में आने के बाद सिस्टम का असर खत्म हो जाएगा. प्रदेश में 28 दिसंबर के बाद तेज ठंड पड़ने के आसार है. वहीं रायपुर शहर आज आकाश साफ रहने की संभावना है. अधिकतम 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास रहने की